कार्यालय नगर परिषद राजसमन्द, जिला राजसमन्द

क्रमांक:न.प.रा./भू.रूपा./2025/496-97 दिनांक: 19/09/2025

आपत्ति सूचना पत्र

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि खातेदार श्री गोविन्दराम पिता श्री बद्रीलाल गुर्डा निवासी मकान सं.0, कॉलोनी, कुम्हारों का बास पिचियाक, क्षैत्र/स्थान-कुम्हारों का बास पिचियाक, तहसील बिलाड़ा जिला जोधपुर द्वारा राजस्व ग्राम पसून्द आराजी संख्या 1000/8 रकबा 0.1862 हैक्टेयर, आराजी संख्या 1943/1000 रकबा 0.0688 हैक्टेयर भूमि का फार्म हाऊस प्रयोजनार्थ भूमि जो की प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद राजसमन्द के निर्णय क्रमांक 418-21 दिनांक 26.08.2025 द्वारा 90-क के तहत बिलानाम न.प.रा.दर्ज की स्वीकृति हो चुकी है, जिसमे निम्न आवेदको द्वारा फार्म हाऊय प्रयोजनार्थ नियमन/ आवंटन कराने हेतु आवंटन शपथ पत्र के आधार पर आवेदन प्रस्तुत किया है।

क्र.स.	नाम आवंटी का	भू. सं.	वर्गमीटर
01	श्री ब्रजराज सिंह चारण पिता श्री सांवल सिंह चारण निवासी पसून्द तहसील व जिला राजसमन्द।	-	2420.16

अत: इस संबंध में किसी हितकारी को कोई आपत्ति हो तो आपत्ति सूचना जारी तिथि के 7 दिवस में लिखित में मय सबूत दस्तावेज के परिषद में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद मयाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

आयुक्त
नगर परिषद, राजसमन्द

प्रारूप-10 (नियम-6(7) देखिए)

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर पालिका नाथद्वारा जिला-राजसमन्द

सं. 11114

लोक-सूचना

दिनांक: 04/09/2025

श्री गणेश लाल कुम्हार एवं श्री दयाशंकर कुम्हार पिता श्री मोडीराम कुम्हार निवासी उपली ओडन, नाथद्वारा जिला-राजसमन्द (राज.) इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

क्र.स.	तहसील का नाम जिले सहित	ग्राम का नाम	खसरा संख्या	क्षेत्रफल
1	नाथद्वारा जिला-राजसमन्द	उपली ओडन	2069,2072	रकबा 0.0885 हैक्टेयर में से,0.0359 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर-भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 04/09/25 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा

कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा जिला- राजसमन्द (राज.)

क्रमांक/न.पा.ना./69 क/ 2025/11797 दिनांक : 16/09/2025

-:आपत्ती सूचना:-

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर प्राप्त भूखण्ड/ भवन का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर 69 ए का फ्री होल्ड पट्टे का आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पााये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम	आवेदित सम्पत्ति का पता एवं माप	पडौस			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1	श्रीमती सविता जोशी/ श्री सुरेश कुमार पालीवाल	मोहनगढ़, शीतला माता मंदिर, नाथद्वारा भूखण्ड क्षै. 635 वर्ग फीट	गली व भानुकान्ता जोशी का मकान	रास्ता व मीना सोनी का मकान	रणछोड धोबी का मकान	आम रास्ता

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी) नगर पालिका मण्डल, बडीसादड़ी जिला चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्रमांक/न.पा.ब./भू.रू./2025-26/ दिनांक :

लोक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि के निम्न खातेदारों द्वारा गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वाचन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

नाम आवेदन खातेदार	राजस्व ग्राम का नाम	खसरा नम्बर	क्षेत्र
श्री वर्धमान छाजेड पिता इन्द्रमल छाजेड निवासी बड़ीसादड़ी	बड़ीसादड़ी	2646/651	0.08 हेक्टयर में से 3000 वर्गफिट (आवासीय प्रयोजनार्थ।

इसके लिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनार्थ के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा है तो इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन जारी की गई।

(प्राधिकृत अधिकारी)
अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका, बड़ीसादड़ी

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)

क्रमांक: F.11 ( )/ Regin-II/2025/1246 दिनांक : 18/09/2025

आम-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदको द्वारा प्रस्तुत आवेदन के क्रम में राजस्व ग्राम सुन्दरवास के खसरा नम्बर 522/42 के अनुमोदित योजना प्लान में स्थित भूखण्ड निम्नानुसार है:-

क्र. सं.	आवेदक का नाम	भूखण्ड संख्या	क्षेत्रफल (वर्गफिट में)
1	श्रीमती उर्मिला जोशी पत्नी श्री कमलेश जी जोशी, निवासी- मोडियो की खीडक, नाथद्वारा, राजसमन्द (राज.)	5	1485.00
2	श्री रोशन लाल जोशी पिता श्री किशनलाल जोशी, निवासी -बोहरा गणेश जी मन्दिर के पीछे, उदयपुर (राज.)	6	3217.50
3	श्री रोशन लाल जोशी पिता श्री किशनलाल जोशी, निवासी -बोहरा गणेश जी मन्दिर के पीछे, उदयपुर (राज.)	7	1237.50

अत: उपरोक्तानुसार उक्त तीनों के आवेदकों के पक्ष में किये जाने के संबंध में यदि किसी संस्था/व्यक्ति/फर्म इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 10 दिवस की अवधि में इस कार्यालय को प्रस्तुत करावें, अन्यथा इस अवधि उपरान्त पट्टा विलेख आवेदक के पक्ष में जारी किया जावेगा।

(जितेन्द्र ओझा) उपायुक्त
उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर

राजस्थान सरकार

कार्यालय सदस्य सचिव, राज.मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, भुवाणा, उदयपुर (राज.)

क्रमांक/लेखा/ खुली निविदा/2025-26/155 दिनांक:-19.09.2025

खुली निविदा सूचना

शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, भुवाणा के अन्तर्गत खुली निविदा क्रमांक/लेखा/खुली निविदा/2025-26/150 दिनांक 19/09/2025 को वित्तिय वर्ष 2025-26 में विभिन्न कार्यो हेतु खुली निविदा आंमत्रित कि जाती है।

निविदा सुचना www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है एवं निविदा प्रपत्र उक्त पोर्टल से डाउनलोड भी किये जा सकते है। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त/स्थगित करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरकर्ता का होगा।

NIB Code MHS2526A2842
UBN NO. 1.MHS2526SSOBO4116 2.MHS2526SSOBO4117 3.MHS2526GSRCO4119 4.MHS2526WSOBO4120

चिकित्सा प्रभारी अधिकारी
शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र
भुवाणा, उदयपुर (राज.)

ग्रामीण सेवा शिविर का गादोला एवं बरड़ा में हुआ सफल आयोजन

निम्बाहेड़ा। राजस्थान सरकार के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में 17 सितंबर से आरम्भ हुए ग्रामीण सेवा शिविर-2025 के अंतर्गत शुक्रवार को निम्बाहेड़ा उपखण्ड की ग्राम पंचायत गादोला एवं बरड़ा के राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी के मुख्य आतिथ्य तथा शिविर प्रभारी एवं उपखण्ड अधिकारी विकास पंचोली की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। शिविर में उपखंड क्षेत्र के समस्त विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने-अपने विभागों के द्वारा संचालित की जा रही जनकल्याणकारी योजनाओ के प्रचार प्रसार के लिए बेनर पोस्टर लगाकर पात्र आमजन को अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ प्राप्त हो इस हेतु इन्हें अवगत कराया तथा कुछ लाभार्थियों को योजनाओ से लाभान्वित किया।

शिविर में बडी संख्या में ग्रामवासी एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण पूर्वी मंडल अध्यक्ष एवं पूर्व उपप्रधान अशोक जाट, पश्चिम ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह शक्तावत, कनेरा मण्डल अध्यक्ष जुगलकिशोर धाकड़ आदि मंचासीन रहे। शिविर स्थल पर सहायक शिविर प्रभारी एवं तहसीलदार जरवार द्वारा उपस्थित कृषको को किसान गिरदावरी ऐप डाउनलोड करवा कर क्षेत्र के किसानों को गिरदावरी करने का प्रशिक्षण भी दिया गया। सहायक शिविर प्रभारी एवं पंचायत समिति विकास अधिकारी लक्ष्मण लाल खटीक ने बताया कि ग्राम पंचायत गादोला शिविर के दौरान ग्रामवासियो को स्वामित्व योजना की जानकारी दी गई एवं प्रार्थी गोपाललाल पिता औंकारलाल धाकड निवासी गादोला ने उपस्थित होकर बताया कि परिवार के सदस्यों द्वारा पूर्व में उन्होंने मकान का पट्टा नही बनवाया है तथा इनको पट्टे एवं उससे सम्बन्धित स्वामित्व दस्तावेजो की आवश्यकता है, जिस पर ग्राम पंचायत द्वारा प्रार्थी को उनके आवासीय मकान का पट्टा व उसका डिजिटल स्वामित्व पार्सल विधायक श्रीचन्द कृपलानी के द्वारा प्रदान किया गया। इस तत्वरित कार्यवाही से लाभार्थी एवं उसके परिजनों ने खुशी व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी के प्रति आभार व्यक्त किया।

■ राजस्थान सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया, जिसमें 10 प्रकरण आपसी सहमति से विभाजन के निस्तारित, कुल लम्बित प्रकरणो में से नामान्तरण के 94 प्रकरणो का निस्तारण किया गया

ग्राम पंचायत बरडा व गादोला में विधायक श्रीचंद कृपलानी, शिविर प्रभारी एवं उपखण्ड अधिकारी विकास पंचोली, पूर्वी मण्डल अध्यक्ष अशोक जाट, कनेरा मण्डल अध्यक्ष जुगलकिशोर धाकड़ आदि के द्वारा राजस्थान सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं से लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया, जिसमें 10 प्रकरण आपसी सहमति से विभाजन के निस्तारित, कुल लम्बित प्रकरणो में से नामान्तरण के 94 प्रकरणो का निस्तारण किया गया। इसी प्रकार शिविर में उपस्थित समस्त ग्रामवासियों एवं उनके परिवादो का सभी विभागों के अधिकारी एवं कार्मिको के द्वारा निस्तारित किया जाकर आमजन को सन्तुष्ट किया गया। शिविर प्रभारी एवं एसडीएम विकास पंचौली ने बताया कि आगामी शिविर 20 सितम्बर, 2025 को ग्राम पंचायत टाई एवं उँखलिया के राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर आयोजित होंगे, जिसमें अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को राज्य सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं से लाभान्वित हो सके। उन्होंने क्षेत्रवासियों को अधिक से अधिक शिविर में उपस्थित होने हेतु आग्रह किया।

शिविर में मण्डल महामंत्री राजेश धाकड़, उपाध्यक्ष पप्पूलाल गुर्जर, प्रशासक शांतिदेवी रैगर, पंचायत समिति सदस्य हीरालाल जटिया, सोहन जाट, मोहन जाट, नारायण लाल माली, जमनालाल माली, रेखा वैष्णव, डामड गायरी, सुनील कुमावत, चतरा मीणा, चांदमल मीणा, चौथमल मीणा, बंसीलाल मीणा, मुकुंद सुथार, कालू सालवी, बंसीलाल मालवीय, राधेश्याम मालवीय, देवीलाल मीणा, राम प्रसाद, हिरा मेघवाल, मोहन मीणा, किशोर सालवी, युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष रवि जाट, राजेश वैष्णव, जमना लाल माली, शोभालाल नायक आदि सहित बडी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

इफको द्वारा आयोजित सहकारी समिति प्रशिक्षण कार्यक्रम

प्रतापगढ़(निसं)। इफको प्रतापगढ़ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सहकार वर्ष एवं नैनो उर्वरक उपयोग महाअभियान कृषि विज्ञान केंद्र प्रतापगढ़ के सभागार में सहकारी व्यवस्थापक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सुधीर जी राज्य विपणन प्रबंधक इफको जयपुर के मुख्य अतिथित्व में किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भगवती सिंह सिसोदिया प्रतापगढ़ क्रय विक्रय सहकारी समिति अध्यक्ष द्वारा की गई कार्यक्रम में किशन लाल मीणा,उप रजिस्ट्रार सहकारी समिति प्रतापगढ़, डॉ बी. एल रोत वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं केवीके प्रभारी प्रतापगढ़ उपस्थित रहे। सुधीर जी राज्य विपणन प्रबंधक इफको जयपुर ने अन्तरराष्ट्रीय उर्वरक स्थिति,राज्य में इफको यूरिया डी ए पी की आपूर्ति के बारे में विस्तार से बताते हुए दानेदार यूरिया डीएपी की जगह नैनो यूरिया एवं नैनो डी ए पी के प्रयोग को बढ़ाने का आठाह किया। नैनो उर्वरकों के प्रयोग से फसलों की बढ़ावार संतुलित रहती है जिससे फसलों पर बीमारियां एवं कीटों का प्रकोप कम होता है जिससे दवाओं का प्रयोग कम करना पड़ता है और लागत कम होती है। मिट्टी स्वास्थ्य एवं पानी की गुणवत्ता में सुधार होता है । साथ ही आपने नैनो उर्वरकों की खरीद पर प्रति बोतल रु 10,000.00 का दुर्घटना बीमा योजना के बारे में भी जानकारी दी।

राष्ट्रीय स्तर पर संस्थान को दिलाया गौरव

उदयपुर(निसं)। पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के आईवीएफ सेंटर की साइन्टिफिक डॉयरेक्टर डॉ.मनीषा वाजपेयी ने हाल ही में इंदौर में आयोजित इंडियन सोसाइटी ऑफ असिस्टेड रिप्रोडक्शन (आईएसएआर) के राष्ट्रीय वार्षिक सम्मेलन में 'माइक्रोबायोम मैटर्स: क्या हम गर्भाशय के वातावरण को नियंत्रित कर सकते हैं' विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत कर संस्थान का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। आईएसएआर भारत में प्रजनन चिकित्सा (फर्टीलिटी मेडिसिन) से जुड़े चिकित्सकों की सबसे बड़ी संस्था है। यह विषय प्रजनन चिकित्सा का एक अत्याधुनिक व उभरता हुआ क्षेत्र है,जो गर्भस्थापन (इम्प्लांटेशन) की संभावनाओं को बेहतर बनाने की दिशा में क्रांतिकारी भूमिका निभा सकता है। उनके प्रस्तुतीकरण को देशभर से आए विशेषज्ञों ने सराहा।

इस दौरान डॉ.मनीषा वाजपेयी ने दो अत्यंत महत्वपूर्ण पैनल चर्चाओं का संचालन किया जिनमें देश के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ शामिल हुए। इन सत्रों के दौरान उन्नत तकनीकी नवाचारों और आईवीएफ चिकित्सा से जुड़ी नैतिक चुनौतियों पर गहन विमर्श हुआ, जो प्रजनन चिकित्सा के भविष्य को आकार देंगे। सम्मेलन के दौरान डॉ.वाजपेयी ने बतौर निर्वाचित सदस्य आईएसएआर की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक में भाग लिया। डॉ.मनीषा का यह शैक्षिणक योगदान और राष्ट्रीय मंच पर उनकी सक्रिय भागीदारी संस्था के उत्कृष्टता के प्रति समर्पण और नेतृत्व क्षमता को दर्शाती है।

श्रेष्ठ परिणाम का हुआ सम्मान

देवगढ़। पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय देवगढ़ के प्राचार्य श्री विजयेन्द्र नागदा ने बताया कि सत्र 2024-25 में स्थानीय विद्यालय कि छात्रा कुमारी पदम श्री को सीबीएसई कक्षा 10 वीं में 95.2 प्रतिशत अंक लाकर सीबीएसई के सर्वोच्च 1.5 प्रतिशत छात्र / छात्राओं में आने पर केंद्रीय विद्यालय संगठन कि तरफ से 5000 रुपये का नकद इनाम देकर सम्मानित किया गया। कुमारी पदम् श्री ने बताया कि इस सर्वश्रेष्ठ परिणाम के वास्तविक हक़दार अभिभावकों का सहयोग एव पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय देवगढ़ के शानदार शैक्षाणिक वातावरण कि वजह से संभव हो पाया हैं।विद्यालय प्राचार्य के निर्देशन में सभी शिक्षको ने निरंतर प्रेरित किया एवं मेरी कमियों को दूर करने में हरसंभव प्रयास के कारण ही मुझे इस स्तर कि सफलता मिल पाई पुरस्कार पाकर पदमश्री एवं उसके अभिभावक रिश्तेदार अत्यंत प्रसन्न एवं गौरवान्वित महसूस कर रहे है।

बस की टक्कर से टीनसेड टूटा, एक दूसरे के खिलाफ मुकदमे दर्ज

कानोड़(निसं) । नगर के बस स्टैंड पर शुक्रवार प्रात: उस समय अफ़रा-तफ़री का माहौल हो गया, जब स्कूल की बस बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी, उस समय दुकान के बाहर लगे टीनसेड से बस का एक हिस्सा टकरा गया जिससे टीनसेड नीचे गिर गया ।

व्यापारी ने आक्रोश में आकर चालक के साथ हाथापाई कर दी, इसकी सूचना स्कूल के अन्य वाहन चालकों को मिलते ही मौके पर अन्य चालक भी पहुंच गए और व्यापारी से जमकर कहासुनी हुई जिसके बाद मामला हाथापाई तक पहुंच गया लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत किया और जानकारी थाना पुलिस को दी गई पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षो की रिपोर्ट लेते हुए एक दूसरे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया । इस घटनाक्रम के दौरान मौके पर काफी संख्या में लोग जमा हुए वहीं बस में सवार स्कूली बच्चे भी डरे सहमे नजर आए ।

■ इस घटनाक्रम के दौरान मौके पर काफी संख्या में लोग जमा हुए वहीं बस में सवार स्कुली बच्चे भी डरे सहमे नजर आए

लोगों ने लापरवाही पूर्वक स्कूली बसों का संचालन कर रहे ,चालकों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है ।

पुलिस सहायता कक्ष पर जवान तैनादगी की मांग: नगर का सबसे व्यस्ततम बस स्टैंड जहां वर्षों से पुलिस सहायता कक्ष स्थापित है, लेकिन यहां पुलिस के जवान कभी-कभार ही फटकते हैं, पुलिस थाना नगर से दूर होना आमजन के लिए परेशानी बना है, नगर में के चौराहे पर आए दिन घटनाएं होती रहती है पुलिस पहुंचती तब तक अपराधी वारदात को कारित करके निकल चुका होता है , ऐसे में स्थानीय लोगों ने मांग की है, कि पुलिस का सहायता कक्ष पर स्थाई जवान की तैनादगी की जाए जिससे अपराधियों में पुलिस का डर बना रहे, वही आमजन में विश्वास कायम हो सकें।

डॉ. मीनल शर्मा को पीएचडी की उपाधि मिली

उदयपुर। मोहनलाल सुखाड़िया यूनिवर्सिटी ने डॉ. मीनल शर्मा को पीएचडी की उपाधि दी। डॉ. मीनल ने अपना शोध शारीरिक प्रशिक्षण का उदयपुर ज़िले के विद्यालय स्तरीय बैडमिंटन खिलाड़ियों पर प्रभाव विषय पर डॉ. भीमराज पटेल, सहायक निदेशक, शारीरिक शिक्षा एवं सचिव, विश्वविद्यालय क्रीड़ा मंडल, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के मार्गदर्शन में किया। मीनल शर्मा ने उदयपुर के विद्यालय स्तर के 14, 17 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं पर यह शोध किया जिसमें छात्र-छात्राओं को दो माह बैडमिंटन की तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान बच्चों में, विशेषत: बालिकाओं में, उल्लेखनीय प्रगति दिखाई दी।

सेवा पर्व पखवाड़े से आमजन हो रहे लाभान्वित

प्रतापगढ़। राजस्थान सरकार द्वारा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में ग्रामीण सेवा शिविर 2025 आमजन के लिए जीवन बदलने वाली पहल साबित हो रहे हैं। शिविरों के माध्यम से ठाामीणों की समस्याओं का न केवल मौके पर समाधान हो रहा है बल्कि जरूरतमंदों को राहत भी मिल रही है। इसी क्रम में प्रतापगढ की ग्राम पंचायत कूणी और मगरोडा एवं दलोट तहसील की ग्राम पंचायत भचुंडला में आयोजित शिविर में ग्रामीणों की जिंदगी में नई रोशनी आई। 85 वर्षीय बलवंत सिंह अब सही से सुन पायेंगे: ग्राम पंचायत कूणी गांव सेलारपुरा निवासी 85 वर्षीय बलवंत सिंह चुंडावत वृद्धावस्था के कारण सुनने की समस्या से जूझ रहे थे। शिविर में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा उन्हें कान की मशीन (भ्मंतपदह ।पक) उपलब्ध कराई गई। मशीन मिलने के बाद वे अब दैनिक कार्यों को आसानी से कर पा रहे हैं और प्रसन्नता के साथ उन्होंने राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।जीवा को भी मिली हियरिंग एड: इसी प्रकार दलोट के भाचुंडला के गांव पिपरोली निवासी जीवा भी वर्षों से सुनने में कठिनाई का सामना कर रहे थे। परिवार और समाज से संवाद में असमर्थ होने के कारण वे आत्मविश्वास खो बैठे थे। ग्रामीण सेवा शिविर में उनकी जांच की गई और उन्हें भी सुनने की मशीन प्रदान की गई। मशीन मिलने के बाद उनका आत्मविश्वास लौटा और अब वे परिवार व अन्य के साथ सहजता से संवाद कर पा रहे हैं।

निःशुल्क चिकित्सा सहायता शिविर

प्रतापगढ़। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय जयपुर द्वारा राजस्थान के प्रतापगढ जिले की छोटीसादड़ी तहसील के ठाामीण क्षेत्रों में अनुसूचित जनजाति के बाहुल्य क्षेत्रों के व्यक्तियों को नि:शुल्क चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने की दृष्टि से 7 अक्टूबर से नि:शुल्क एसटी आयुर्वेद चल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जायेगा। संस्थान के उपनिदेशक ने बताया कि जिले की छोटीसादड़ी तहसील के अन्तर्गत 7 अक्टूबर को नवनखेरी, 8 अक्टूबर को डावटा, 9 अक्टूबर को गजपुरा व 10 अक्टूबर को सकरिया में शिविर का आयोजन किया जायेगा।

आम सुचना

भागीदारी फर्म मैसर्स बाटलीवाला एण्ड सन्स उदयपुर (राज.)

रजि.न.RF/UDP/2018/1261

इस भागीदारी फर्म की शुरूवात में दो भागीदार थे आरिफ बाटलीवाला एवं आफताब बाटलीवाला है 01/04/2025 को इस भागीदारी फर्म में दो भागीदार और जोड़े गये जिनका नाम आमीर हुसैन बाटलीवाला एवं अब्बास अली बाटलीवाला है। जिसके बाद इस भागीदारी फर्म में कुल चार भागीदार हो गये थे। जिसमें से 01/04/2025 को इस भागीदारी फर्म में से एक भागीदार आफताब बाटलीवाला स्वयं अपनी इच्छा से रिटायर्ड हो गये है। भागीदारी फर्म का मुख्य व्यवसायिक स्थान 17/150, कृषि उपज मण्डी के सामने, उदयपुर (राज.) है। इस पर किसी व्यक्ति विशेष, फर्म व अन्य किसी को, किसी प्रकार की आपत्ति हो तो सात दिवस के भीतर रजिस्ट्रार ऑफ फर्मस, जिला उद्योग केन्द्र उदयपुर राजस्थान में आकर सूचित करें।

स्थान: उदयपुर
दिनांक: 19/9/25
मैसर्स बाटलीवाला एण्ड सन्स

ARUN RATNAWAT & ASSOCIATES
Chartered Accountants
Tel:0294-2980895 (O)
Mob.9829044895, 9829714697
Email : ratnawat1@yahoo.com
arun ratnawat@gmail.com